Seventeenth Loksabha

>

Title: Need to undertake construction work of extension of platform and foot over bridge at Shankarpur Railway Station in Sitapur Parliamentary Constituency, Uttar Pradesh-laid.

श्री राजेश वर्मा (सीतापुर): मैं सरकार का ध्यान अपने संसदीय क्षेत्र सीतापुर के शंकरपुर रेलवे स्टेशन के विस्तारीकरण की तरफ आकृष्ट करना चाहता हूँ I इस स्टेशन पर 4 लाइन स्टेशन व सिग्नल स्टेशन बिल्डिंग बननी है, जिसका सर्वे हो गया था I जिलाधिकारी सीतापुर के द्वारा आवश्यक भूमि के अधिग्रहण हेतु बैठक होकर किसानों की सहमति भी मिल गयी है I इसके अतिरिक्त हाईलेवल 500 मीटर प्लेटफॉर्म व ऊपरी पैदल पार पथ भी बनना है I जिसका टेण्डर भी हो चुका है, लेकिन कोविड-19 के चलते कार्य आरम्भ नहीं हो पाया I ऐसी परिस्थिति में, मैं सरकार से माँग करता हूँ कि जनहित को ध्यान मे रखते हुये उक्त बिन्दुओं को दृष्टिगत रखते हुए प्लेटफॉर्म का विस्तारीकरण व पैदल पार पथ बनाने हेतु निर्देश प्रदान करने का कष्ट करें I